# जीवन में कार्य और परिवार में संतुलन रखना जरूरी:पटेल

## राज्यपाल वित्त सेवा अधिकारी संघ के सर्विस मीट समापन समारोह में शामिल हुए

**भोपाल (काप्र)।**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जीवन में कार्य और परिवर में संतुलन बनाकर रखना जरूरी है। परिवार के सदस्यों के प्रति आत्मीय व्यवहार और जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना आवश्यक है। प्रयास करें कि जिस उत्साह के साथ घर से जाये, उसी प्रसन्नता के साथ घर आए। उन्होंने कहा कि जीवन में पारिवारिक उत्तरदायित्वों की उपेक्षा कर प्राप्त पद, मान और प्रतिष्ठा व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि समाज में बुजुर्ग मां-बाप की उपेक्षा के मामले आज-कल सुनाई दे रहे है। यह सामाजिक विसंगति अत्यंत चिंतनीय है। श्री पटेल, मध्यप्रदेश वित्त सेवा अधिकारी संघ के द्वारा आयोजित सर्विस मीट गेट-टू-गेदर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



राज्यपाल ने कहा कि वित्त, शासन-प्रशासन की रीढ़ होती है। वित्त एवं संस्कृति का एक साथ गठजोड़ बहुत कम देखने को मिलता है। इस दिशा में मध्यप्रदेश वित्त सेवा अधिकारियों की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था में वित्त सेवा के अधिकारियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे राज्य के खजाने के प्रबंधक है। शासन के सभी विभागों के वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन का पालन और विकास की जरूरतों के लिए वित्त की उपलब्धता का कार्य जटिल और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। जरूरी है कि अधिकारी सक्रिय, संवेदनशील, प्रगतिशील, व्यवसायिक रूप से सक्षम, ऊर्जावान और विनम्र हो। उनका दृष्टिकोण व्यापक और समावेशी होना बहुत जरूरी है। आवश्यक है कि कार्य और परिवार के बीच संतुलन बनाते हुए कार्य की प्राथमिकताओं और परिवार की जिम्मेदारियों के प्रति समन्वय बना रहे।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वित्त अधिकारियों की जिम्मेदारी और भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वित्त सेवा के अधिकारियों ने कर्तव्यनिष्ठा के उच्च मानदण्डों को स्थापित किया है। वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले सर्विस मीट के आयोजन के अवसर पर भी अधिकारियों ने अपने दायित्वों को प्राथमिकता दी है। अवकाश दिवस होने पर भी कई अधिकारी सर्विस मीट को बीच में छोड़ कर कार्यालय के लिए चले गए। उन्होंने मीट के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी। वित्त सेवा संघ के अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल का कार्यक्रम के प्रारम्भ में वित्त सेवा संघ के पदाधिकारियों ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल श्री पटेल ने संघ के द्वारा सायबर सुरक्षा पर प्रकाशित वर्ष 2025 के कैलेण्डर का लोकार्पण किया। उन्होंने संघ की पुस्तक वित्त व्यवस्था गत वर्ष प्रकाशित पुस्तक के निर्माण में योगदान के लिए सेवा निवृत्त अधिकारी गौरीशंकर गुर्जर, अनिल श्रीवास्तव को सम्मानित किया। गौरीशंकर गुर्जर की अनुपस्थिति में उनका पुरस्कार उनके बैच मेटडीके श्रीवास्तव ने प्राप्त किया।

राज्यपाल ने मीट के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बच्चों की ड्राईंग प्रतियोगिता में विजेता अन्वेषा ठाकुर, उप विजेता प्रिशा बघेल, बच्चों की जलेबी दौड़ प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के विजेता तन्मय धाकड़, उप विजेता राघव मिश्रा, जूनियर वर्ग में विजेता भावमन्यु, उपविजेता प्रारब्ध, सोलो प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता गायन पुरूष विजेता श्री नितेश पंवार, उप विजेता श्री सतीश उपाध्याय, प्रतियोगिता गायन महिला विजेता सुश्री मधु चौधरी, उप विजेता श्रीमती रश्मि सुब्बा शामिल है।

# सिविल अस्पताल हजीरा ग्वालियर में आईसीयू, सीटी स्कैन व अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों का हुआ लोकार्पण

**भोपाल (काप्र)।**



**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर उप नगर ग्वालियर स्थित सिविल अस्पताल हजीरा में शनिवार को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े-बड़े आयाम जुड़े हैं। इसमें 32 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से सुसज्जित आईसीयू ( गहन चिकित्सा इकाई ) शामिल है।**

उन्होंने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल हजीरा में यह स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये यह अस्पताल सही मायने में मानव सेवा के मंदिर का रूप ले रहा है।

श्री तोमर ने अपनी माताश्री श्रीमती सुधा तोमर के कर कमलों से सिविल अस्पताल हजीरा में सीटी स्कैन व अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन एवं आईसीयू का शुभारंभ कराया। जनवरी माह तक आयोजित होने जा रहे निःशुल्क नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी सिविल अस्पताल में हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी के साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल में कैथ लैब (हृदय रोग चिकित्सा इकाई) की स्थापना भी कराई जायेगी। मानव सेवा के लिए समर्पित इन पुनीत क्षणों के साक्षी बनने का सुअवसर महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार, नगर निगम सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ए के चौरसिया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों को मिला। श्री तोमर ने कहा कि अपने शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लें, जिससे हमारा कोई भी परिजन और मित्र गंदगी की वजह से फैलने वाली बीमारियों से ग्रसित न हो। श्री तोमर ने आहवान किया कि शहर को साफ-सुथरा रखने में न केवल स्वयं योगदान दें, अपितु दूसरों को भी प्रेरित करें। अगर हम साझा प्रयास करेंगे तो निश्चित ही हमारा शहर स्वच्छता में अव्वल बनेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पाताली हनुमान से कांचमिल तक ग्रीन कोरीडोर बनायेंगे। श्री तोमर ने कहा कि हम सबके ऐसे प्रयास हों कि सिविल अस्पताल हजीरा में हर प्रकार की बीमारी का इलाज हो।

# सात लाख की लागत से संवरेगा शाहपुरा सी सेक्टर का पार्क

**भोपाल( काप्र )।** महापौर श्रीमती मालती राय ने शाहपुरा सी सेक्टर में पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु भूमि पूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 07 लाख रुपए की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।




महापौर श्रीमती राय ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत शाहपुरा सी सेक्टर स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन किया। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हम शहर की स्वच्छता, पर्यावरण सुधार एवं नागरिकों की सुविधा हेतु निरंतर प्रयासरत है और इसी क्रम में आज शाहपुरा सी सेक्टर के पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरुआत की जा रही है, निश्चित ही सौंदर्यीकरण कार्यों से यहां के नागरिकों को अच्छा वातावरण प्राप्त होगा ।

# छत पर कपड़े सुखा रही विवाहिता की गिरने से मौत

**भोपाल( काप्र )।** बैरसिया थाना इलाके में छत पर कपड़े डालकर नीचे आ रही विवाहिता की अचानक गिरने से मौत हो गई। बताया गया है की महिला नशे की आदि थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणो की जॉच शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय गनगौरा बाई पति सिमरन बिजौरी ग्राम करारिया गॉव में रहती थी। परिवार वालो ने पुलिस को बताया की बीते दिन गनगौरा बाई कपड़े धोने के बाद छत पर सुखाने के लिये डालने गई थी। नीचे उतरते समय अचानक ही वह गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। परिवार वालो ने उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाया था, जहॉ डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# संसाधनों का कुशल उपयोग भविष्य के लिए आवश्यक : डॉ मधुकर

**भोपाल ( काप्र )। 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन और फेस टू फेस कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं से रविन्द्र भवन परिसर का माहौल विज्ञानमय रहा।**




दूसरे दिन देश के समस्त राज्यों से आये विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन चलता रहा। विद्यार्थियो ने मॉडल्स और पोस्टर के माध्यम से अपने कार्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे दिन विज्ञान शिक्षकों के लिए आहार क्रांति - पोषण एवं आहार से कुशल स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमे सागर भिंडे एवं मनोहर शिवन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला में पारंपरिक भारतीय आहार पिरामिड और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली पर चर्चा की गई।

श्री मनोहर शिवन ने कहा कि युवा पीढ़ी को शारीरिक गतिविधियाँ अपनाकर और संतुलित आहार का सेवन करके अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना चाहिए। श्री सागर भिंडे, गुजरात विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक, ने आहार क्रांति की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने कहा, भोजन को पोषण के लिए खाएँ या दवा के रूप में खाएँ, अन्यथा दवा ही आपका भोजन बन जाएगी।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### ग्रामीणों के लिए...

किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। डिजिटल तकनीकों की सहायता से टेलीमेडिसिन ने गांवों में सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों और अस्पतालों का विकल्प सुनिश्चित किया है। ई-संजीवनी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के करोड़ों लोगों को टेलीमेडिसिन का लाभ मिला है। श्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, दुनिया को आश्चर्य हुआ कि भारत के गांव कैसे सामना करेंगे। हालांकि, सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि टीके हर गांव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण समाज के हर वर्ग पर विचार करने वाली आर्थिक नीतियां बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्हें खुशी है कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं और फैसले लिए हैं। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की मंशा, नीतियां और फैसले ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा भर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ग्रामीणों को उनके गांवों में अधिकतम आर्थिक सहायता प्रदान करने, उन्हें खेती में शामिल करने और रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करने के लक्ष्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में 9,000 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की राह पर है और इसी उद्देश्य से 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए लगभग 70,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि के अलावा हमारे गांवों में लोहार, बढ़ईगीरी और मिट्टी के बर्तन बनाने जैसी कई पारंपरिक कलाएं और कौशल प्रचलित रहे हैं। इन व्यवसायों ने ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन पहले इनकी उपेक्षा की जाती थी। उन्होंने कहा कि उनके कौशल को बढ़ाने और सस्ती सहायता प्रदान करने के लिए विश्वकर्मा योजना लागू की जा रही है, जिससे लाखों विश्वकर्मा कारीगरों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

### केजरीवाल कहते थे...

जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नगर पालिका ने इस भवन के रूप में लगभग 500 कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित निवास की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने भारत के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया। श्री मोदी ने 'ग्लोबल स्टैंडर्ड फैसिलिटी' पर बल दिया और अर्बन डेवलपमेंट नीति में एक प्रमुख उपकरण के रूप में इसका समावेश किया। मोदी जी ने संचार और सड़क की उत्तम कनेक्टिविटी को अर्बन डेवलपमेंट पॉलिसी का हिस्सा बनाया। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी ने शहरी विकास नीति में ई-गवर्नेंस को प्राथमिकता दी, 100 शहरों को चुनकर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का प्रयास किया और स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट में डेटा आधारित दृष्टिकोण को शामिल किया।

### कृषि उपज का...

जुटेंगे। चौहान ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस वर्ष कृषि क्षेत्र व संबद्ध क्षेत्र की विकास दर साढ़े 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। इसके लिए मैं अपने किसान भाइयों और सभी राज्यों के मंत्रियों को बधाई देता हूं क्योंकि आप सभी के परिश्रम से ही यह परिणाम आते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र में विकास की हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उत्पादन बढ़ाना - प्रति हेक्टेयर या प्रति एकड़ उत्पादन कैसे बढ़ सकता है यह सरकार की रणनीति है, उसके लिए आईसीएआर लगातार रिसर्च करके उन्नत बीजों की किस्म को जारी करता है। सूक्ष्म सिंचाई योजना, मैकेनाइजेशन, तकनीक का प्रयोग, नई कृषि पद्धतियां आदि अनेकों दिशा में हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन की लागत कैसे घटे? आय को तेजी से बढ़ाने के लिए उत्पादन की लागत कम करने होगी आदि पर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि प्रारंभ की है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि अब तक 11 करोड़ किसानों को 18 किश्तों में 3.46 लाख करोड़ रुपये (3 लाख 46 हजार करोड़ रुपये) की राशि वितरित की गई है।

### दिल्ली को आम...

रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के खिलाफ महिलाएं विरोध कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों के लिए कैसे काम करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीखिए। सिर्फ फ्री बांटने से सरकार नहीं बनती। दिल्ली को इस आपदा से भारतीय जनता पार्टी बचाएगी। केजरीवाल सरकार ने जितने भी कर्ज छोड़कर जाएगी, वह भाजपा की दिल्ली में बनी सरकार को चुकाना पड़ेगा। केजरीवाल सरकार की इस तरह की आपदाओं का सामना हमें करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर, गुरुद्वारों में पैसे बांटने से कुछ नहीं होगा। यह सब बस चुनावी स्टंट हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वित्तीय दृष्टि से राष्ट्ररीय राजधानी को सबसे बेहतर आर्थिक स्थितियों वाला राज्य माना जाता है। जहां, लोगों की आय बेहतर होती है।

# विधायक बोट रेस के विजेताओं को मिलीं राइडर बाइक, नकद पुरस्कार

## विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा- और वृहद स्तर पर होगी प्रतियोगिता

**भोपाल (हिनप्र)।**

**संत हिरदाराम नगर के बेहटा गांव घाट पर शनिवार को विधायक बोट रेस का आयोजन किया गया, केवट समाज के समाजसेवी कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में हर श्री विराट मानव सेवा संस्थान रेस का आयोजन करती है। चौथी विधायक बोट रेस में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।**



विधायक शर्मा ने कहा कि भोपाल में सबसे बड़ी यदि कोई बोट रेस होती है तो वह बोट क्लब पर नहीं बल्कि बेहटा गांव में भाई रामू केवट के द्वारा होती है। हमारी कोशिश है कि यह बोट रेस धीरे-धीरे और व्यापक और वृहद हो। सबसे बड़ी बात है यह कि हमारे वह लड़के जो मेहनत करते हैं, 12 महीने नाव के साथ तालाब में दौड़ते हैं। जब भोपाल में अति वर्षा होती है, पूरे भोपाल में पानी भर जाता है, तो उस समय लोगों को बचाने के लिए कोई और नहीं आता यह बोट क्लब के ही मेरे साथी आते हैं। तब यही लोग हमारे शहर को बचाने का भी काम करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र की मोदी और राज्य की मोहन यादव का लक्ष्य है गरीब का भला हो, बेटियां सुरक्षित रहें, नौजवानों को रोजगार की व्यवस्था हो, बुजुर्गों के इलाज की सुविधा मिले, लेकिन इसके साथ ही हमारी और आपकी कोशिश हो कि विश्व में सनातन धर्म की जय जयकार हो।

कार्यक्रम संयोजक राम बंसल, मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी, भोपाल फन्दा ग्रामीण जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, चन्द प्रकाश इसरानी, सूरज यादव, विकास मारण, शेट्टी चंदनानी, भगवत विश्वकर्मा, लीला राजपूत, हीरो इसरानी व बड़ी संख्या में संतनगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदीप मेवाड़ा, कार्यक्रम प्रभारी संतोष रजक, कार्यक्रम उपाध्यक्ष बन्टी मोर्कल, कार्यक्रम उपाध्यक्ष दीपक मेहरा, शुभम केवट ने किया।

यह प्रतियोगिता %सीनियर बोट रेस, कश्ती रेस व जूनियर बोट रेस% इन तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। सीनियर कैटेगरी व कश्ती रेस में प्रथम पुरस्कार टीवीएस राईडर बाइक रखी गई, वहीं जूनियर कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार 21 हजार का रखा गया। सीनियर बोट रेस में प्रथम पुरस्कार बाबू मांझी, आकाश चौहान को प्राप्त हुआ व कश्ती रेस में अजय मांझी, कृष्णा मांझी को प्राप्त हुआ। वहीं जूनियर बोट रेस में प्रथम पुरस्कार प्रयांश मांझी, संजय मांझी को प्राप्त हुआ।

# भारती खटवानी ने कालिका मंदिर में चुनरी भेंट कर दी बधाई

**भोपाल (हिनप्र)।**

**मां कालिका मंदिर में पूर्व पार्षद भारती खटवानी ने जन्म दिन पर मां काली का आशीर्वाद लिया। खटवानी और मंदिर पदाधिकारियों ने प्रसादी का वितरण किया। मंदिर समिति ने भारती खटवानी और महेश खटवानी को माता की चुनरी उड़ाकर व श्रीफल भेंट किया।**

मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश रायचंदानी, महासचिव कमलेश रायचंदानी, पंडित गयादास पाडे, पंडित मनोज पांडे, जय आसनानी, हरीश कुमार लालवानी, प्रकाश तनवानी, रमेश कृष्णानी, सुरेश चंदवानी, प्रकाश थदानी ने बधाई दी।

वहीं, भारती खटवानी को चंचल रोड स्थित शिव मंदिर संत हिरदाराम नगर में पंचदेवों की आरती कर जन्म दिन मनाया। जरुरतमंदो को भोजन के पैकेट बांटे गए। मंदिर में बजरंग सेना समिति ने भगवा गमछा पहनाकर समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी व अन्य पदाधिकारियों ने जन्म दिन की बधाई दी।



# समाजसेवी रूप कुमार ने मां का लिया आशीर्वाद



**भोपाल (हिनप्र)।**

**बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी ने नुक्कड वाली माता मंदिर में मां की पूजा अर्चना कर अपना जन्म दिन मनाया। मंदिर के पुजारी पंडित रवि पटेरिया एवं राजकुमार गर्ग ने वेद मंत्रों द्वारा पूजन करवाया।**

इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ताओं ने सोनी को श्रीराम दरबार देकर जन्मदिन की बधाई दी, बधाई देने वालों में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी, मप्र आवास संघ संघ अध्यक्ष सुशील वासवानी, बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, अध्यक्ष कमलेश देवानी, प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, विष्णु नाथानी, बृजकिशोर सेन, राजेश केवलानी, नीरज मेहर, विवेक नगरुरकर, रानु चौहान आदि शामिल थे।

देवानी कहा कि जन्म दिन पर पार्टी में बड़ी राशि लोग खर्च करते हैं, लेकिन समिति से जुड़े लोग धार्मिक और सेवा कार्य करते हुए अपना जन्म दिन मनाते हैं।